# एतदर्थ मंडल (हिंदी भाषा परीक्षा), महाराष्ट्र शासन

भाषा संचालनालय, महाराष्ट्र राज्य, प्रशासकीय भवन, ५ वी मंजिल,
डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर उद्यान के निकट, सरकारी कालोनी, बांद्रा (पूर्व), मुंबई ४०० ०५१.

## निम्नश्रेणी परीक्षा

## पहला प्रश्नपत्र — पाठ्य-पुस्तक तथा कार्यरूप व्याकरण

रविवार, दिनांक १९ दिसंबर, २०२१

( **समय** : सुबह १०.३० से दोपहर १.०० बजे तक )

( **कुल अंक** — १०० )

**सूचनाएँ.**—(१) प्रश्न क्रमांक दूसरा (अ) छोडकर सभी प्रश्नों के उत्तर हिंदी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखे।
(२) शुद्ध भाषा तथा सुवाच्य लेखन अपेक्षित है।
(३) नया प्रश्न स्वतंत्र पृष्ठ पर लिखिए।

---

**अंक**

**प्रश्न १** **अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग आठ-दस पंक्तियों में लिखिए।** १५

(१) 'रीढ़ की हड्डी' इस एकांकी के माध्यम से लेखक ने स्त्री के प्रति समाज की हीन मानसिकता पर करारा व्यंग किस प्रकार किया है ?

(२) पाठ "श्रमसाधना" के अनुसार संपत्ति किसे कहते हैं और वह बनती कैसे है ?

(३) प्रेमचंदजी ने समाज में फैली वादखिलाफी, वृद्धों के प्रति तीरस्कार की भावना पर किस प्रकार प्रहार किया है ?

(४) आश्रम स्थापना के समय लेखक ने सरोज को लिखे पत्र में कौन-कौनसे नियमों से परिचित कराया है ?

(५) नवयुवक को नौकरी के लिए चयन कैसे होता है ?

**ब) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए।** १६

(१) लेखक घनश्याम अग्रवाल की टाँग कैसे टूटी ?

(२) अगले दिन लेखक ने किससे गोवा घूमने की योजना बनाई ?

(३) रमाजानी ने गाय की चोट पर लगाने के लिए क्या दिया ?

(४) पति-पत्नी तख्त पर क्या बिछाते है ?

(५) खुला आकाश इस पाठ में आए शतपाद जीव का नाम लिखिए।

(६) उमा क्या बजा रही थी ?

(७) सिरचन को लोग क्या समझते है ?

(८) "सही उत्तर" लघुकथा के अनुसार सामाजिक व्यवस्था कैसी थी ?

(९) प्रजा के हाथों में कौन-सी सत्ता आई ?

(१०) धनवान क्या नहीं करते ?

(पलटकर देखिए

अंक

प्रश्न २ अ) **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर आठ-दस पंक्तियों में लिखिए।** १४

(१) कवितानुसार भारत वर्ष की महानता का वर्णन किस प्रकार किया है ?

(२) कवि के मन की पीड़ा एवं उदास मन:स्थिती को 'मन' कविता में किस प्रकार दर्शाया गया है, यह स्पष्ट कीजिए।

(३) 'गजल' में गजलाकार ने 'कर्म ही पूजा है' इस भाव को कैसे व्यक्त किया है ?

(४) अमीरी – गरीबी भेदभाव को मिटाकर समाज में समता स्थापन करनेका कविने कैसा प्रयत्न किया है ?

ब) **निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में से किन्हीं पाँच के रिक्त स्थानों की पूर्ति पाठ्य-पुस्तक के आधार पर कीजिए।** ५

(१) किसी का हमने छीना नहीं, .................. का रहा पालना यहीं।

(२) जीवन नैया .................. में डोले, सँभाले कौन ?

(३) हम उस धरती के लड़के हैं, जिस .................. की बातें।

(४) पहले हमें ...................... की चिंता थी न कदापि सताती।

(५) वे आए, घर में घुसे, और बोले .................... कहाँ है ?

(६) घन ...................... नभ गरजत घोरा। प्रिया हीन उरपत मन मोरा।

क) **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर आठ-दस पंक्तियों में लिखिए।** १२

(१) सिरचन को ठेस कैसे लगी ? पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(२) 'सही उत्तर' इस लघुकथा की माध्यम से लेखक ने रिश्तेदारी, भ्रष्टाचार पर किस प्रकार व्यंग किया है ?

(३) ग्रामीण जीवन में सामाजिक संबंध, कारागिरी तथा कारागिरों के स्वाभिमान को 'ठेस' के माध्यम से स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न ३ अ) **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन मुहावरो के अर्थ लिखकर सार्थक वाक्यों में प्रयोग कीजिए।** ९

(१) काँप उठना

(२) ड़ंडे बरसाना

(३) कोरा जवाब देना

(४) आराम – हमाम होना

(५) निजात पाना

(पलटकर देखिए

अंक

**ब) निम्नलिखित क्रियाओं में से किन्हीं दो के सहायक क्रिया के रूप में ही अपने सार्थक वाक्यों में प्रयोग कीजिए। प्रत्येक के लिए स्वतंत्र वाक्य लिखिए।** ४

(१) खाना
(२) गाना
(३) रहना
(४) पड़ना

**क) निम्नलिखित वाक्य किसने किस संदर्भ में कहा है, कोई चार लिखिए।** ४

(१) " तुमने पेंटिंग – वेटिंग भी सीखी है।"
(२) " गरम – गरम भूनकर मसाला लगाकर दूँगा।"
(३) " आप सार्वजनिक अस्पताल के प्राइवेट वार्ड में है।"
(४) "जानवर है। बँधा है तो इसे खिलाना–पिलाना तो पड़ेगा ही।"
(५) "यह भ्रष्टाचार की बहन है।"
(६) " मानू दीदी का दूल्हा अफसर आदमी है।"

**ड) निम्नलिखित में से विकल्प चुनकर वाक्य फिर से लिखिए। (कोई चार)** ४

(१) लपकरनंदजी से सारा शहर परेशान है—
(अ) क्योंकि वे जब भी किसी से मिलते हैं तो उसे अपनी बेतुकी कविताएँ सुनाकर परेशान करते है।
(ब) क्योंकि वह चुटकुले सुनाते थे।
(क) क्योंकि वह पैसे माँगते थे।

(२) सिरचन लेखक के घर शीतलपाटी और चिक बनवाने गया—
(अ) मोहर छापवाली धोती के लिए।
(ब) लेखक की हवेली में सिरचन की कदर होती थी।
(क) सिरचन को खाने को पकवान मिलते थे।

(३) रहमान ने लक्ष्मी को इलाके से बाहर छोड दिया—
(अ) लक्ष्मी को कोई उठा ले इसलिए।
(ब) लक्ष्मी को घूमना अच्छा लगता था।
(क) ताकि लक्ष्मी स्वंय अपने खाने का प्रबंध कर सके।

(४) लेखक की यात्रा की सारी थकान मिट गई—
(अ) क्योंकि गोवा में बहनेवाली शीतल हवा के झोकों से लेखक का मन प्रसन्न हो गया ।
(ब) गोवा का खाना - खाने के बाद।
(क) थोडी देर आराम करने से।

(५) बूढ़ी काकी ने भतीजे के नाम सारी संपत्ति लिख दी—
(अ) क्योंकि भतीजे बुद्धिराम के सिवाय बूढ़ी काकी का कोई नहीं था।
(ब) भतीजा बहुत गरीब था।
(क) भतीजा बुद्धिराम ने जबरदस्ती करने के कारण।

(पलटकर देखिए

अंक

**प्रश्न ४ अ) निम्नलिखित वाक्यों में से सहायक क्रिया छाँटकर लिखिए। (कोई तीन)** ३

(१) एक जगह खाने पर चले गये थे।
(२) सामने से एक कार आ रही थी।
(३) ब्याह तय करने आये हो।
(४) उमा सहसा चूप हो जाती है।

**ब) निम्नलिखित शब्दों में से वर्तनी के अनुसार शुद्ध रूप लिखिए। (कोई चार)** ४

(१) क्रांतीकारि
(२) समेलन
(३) आर्कषन
(४) व्यक्ती
(५) मुसकिल

**क) निम्नलिखित अव्ययों का सार्थक वाक्यों मे प्रयोग कीजिए। (कोई तीन)** ३

(१) क्योंकि
(२) अथवा
(३) तरह
(४) वाह
(५) शायद
(६) बीच

**ड) सूचना के अनुसार वाक्यों के काल बदलकर वाक्य फिर से लिखिए। (कोई तीन)** ३

(१) मेरे पास बहुत से पत्र आते हैं। (पूर्ण वर्तमानकाल)
(२) प्राण को मन से अलग करना पड़ेगा। (सामान्य भूतकाल)
(३) पाँच मिनट में पिटारी खाली हो गई। (सामान्य भविष्यकाल)
(४) सहसा कानों में आवाज आई । (अपूर्ण वर्तमानकाल)
(५) मन की गति आगे तक है। (पूर्ण भूतकाल)

**इ) निम्नलिखित में से किन्ही छह वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए।** ६

(१) सदा ऐसा दिन थोड़े ही रहेगा।
(२) उसके पीठ का हाथ फेरे।
(३) शरीर चिपचिपाती रहती हैं।
(४) ये समस्या हमको पहले से पता थी।
(५) उस गली पर पेड़ भी नहीं हैं।
(६) दिल्ली शहर में घर को ढूँढ रहें हूँ।
(७) कॉलेजों के तो छुट्टियाँ नहीं है।

*-*-*-*-*-*-*-*-*-

## एतदर्थ मंडल (हिंदी भाषा परीक्षा), महाराष्ट्र शासन

भाषा संचालनालय, महाराष्ट्र राज्य, प्रशासकीय इमारत ८ वी मंजिल,
डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर स्मारक के निकट, [illegible] मुंबई ४०० ०५१

### निम्नश्रेणी परीक्षा

### दूसरा प्रश्नपत्र — निबंध लेखन, पत्र-लेखन, सार-लेखन, अनुवाद इ.

रविवार, दिनांक १९ दिसंबर, २०२१

( **समय** : दोपहर २.०० से ४.४५ बजे तक )

( मौखिक परीक्षा की अवधि मिलाकर )

( कुल अंक — १०० )

**सूचनाएँ.**—(१) प्रश्न क्रमांक ४ को छोड़कर सभी प्रश्नों के उत्तर हिंदी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखें।
(२) शुद्ध भाषा तथा सुवाच्य लेखन अपेक्षित है।
(३) नया प्रश्न स्वतंत्र पृष्ठ पर लिखिए।

---

अंक

**प्रश्न १** **निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग पच्चीस-तीस पंक्तियों में निबंध लिखिए।** २०

अ) विज्ञान के चमत्कार

ब) पुस्तक प्रदर्शनी में एक घंटा

क) जनसंख्या वृद्धि की समस्या

ड) बूढ़े पिता की आत्मकथा

इ) जल है तो कल है।

अथवा

**निम्नलिखित रूपरेखा के आधार पर पंद्रह से बीस पंक्तियों में एक कहानी लिखिए तथा उचित शीर्षक भी दीजिए।**

भिखारी .................. भीख माँगना .................. एक व्यक्ति का रोज देखना .................. फूलों का गुच्छा देना ..................उसमें से भिखारी का फूल बेचना ..................नित्यक्रम .................. मंदिर के सामने दुकान खोलना।

**प्रश्न २** **निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पत्र का प्रारूप (नमूना) तैयार कीजिए।** १४

रमेश/ रमा पांडे, इंद्रानगर, फिरोजपूर से व्यवस्थापक, सोनिया औषधि भंडार, राजीव चौक, अमरावती को घरेलू औषधियाँ वी.पी.पी. द्वारा मंगवाते हुए पत्र लिखता/ लिखती है।

अथवा

कृतिका पाटील, १८३ गांधीनगर, नागपूर से निवासी हैं। अपने मित्र इंद्रभूषण, ११-ए, विजयनगर, दिल्ली को नववर्ष पर शुभकामना पत्र लिखती है।

(पलटकर देखिए

अंक

**प्रश्न ३ निम्नलिखित गद्यखंड पढ़कर उस पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए अथवा गद्यखंड का एक-तिहाई सार लिखकर उसे उचित शीर्षक दीजिए।** २०

परोपकार मनुष्य के सभी गुणों का मूल है। परोपकार के कारण मनुष्य के जीवन में अनेक प्रकार के गुण आ जाते हैं। परोपकार 'एक ऐसा जादू है, जो मनुष्य के हृदय में पवित्रता, दया, क्षमा, त्याग, प्रेम आदि गुणों को उत्पन्न करता है।' इस प्रकार परोपकार सभी गुणों की खान है। सत्य तो यह है कि परोपकारी मनुष्य साक्षात् ईश्वर के समान होता है। उसका हृदय सागर की भाँति विशाल होता है। संपूर्ण मानव समाज के लिए इसमें प्रेम भरा रहता है। अत: परोपकारी मनुष्य विश्वबंधू होता है। परोपकार से मनुष्य को सच्चा आनंद और सच्चा सुख मिलता है। राजा अपनी शक्ति के बल पर मनुष्य के शरीर पर अधिकार कर सकता है, किंतु परोपकार करनेवाला मनुष्य असंख्य मनुष्य के मन को जीत लेता है।

प्रश्न :-

अ) परोपकार मनुष्य के लिए कैसा जादू है ? (३)
ब) परोपकार मनुष्य किसके समान होता है स्पष्ट कीजिए। (३)
क) परोपकार से मनुष्य को क्या मिलता है ? (३)
ड) विश्वबंधू कौन और कैसा होता है ? (३)
इ) मनुष्य के सभी गुणों का मूल क्या है ? (३)
फ) परोपकार करनेवाला मनुष्य असंख्य मनुष्य के मन को जीत लेता है, आपके विचार स्पष्ट कीजिए। (३)
ग) उपरोक्त गद्यखंड को उचित शीर्षक दीजिए। (२)

**प्रश्न ४ निम्नलिखित गद्यखंड का मराठी या अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए।** २०

भारत जैसा सुंदर और महान देश दुसरा कौन-सा है, जिसके उत्तर में हिमालय जैसा विश्व प्रसिद्ध विशाल पर्वत है। इस पवर्त को हम देवताओं का स्वर्ग कहें, ऋषियों का तपोवन कहें, प्राकृतिक सुषमा का भंडार कहें, पवित्र निर्मल जलाशयों का आगार कहें, हिम का मुकुट कहें, उत्तर का प्रहरी कहें या संसार का सौंदर्य कहें या जो कुछ भी कहें, वह पूर्ण रूप से सत्य होगा। इस पुण्यभूमि का भारत के इतिहास से गहरा संबंध है। भूगोल का यह मानदंड है। मंदिरों का यह क्षेत्र है। तीर्थ यात्रियों के लिए यह धर्म भूमि है और सैलानियों के लिए स्वर्ग।

विशाल हिमालय पर्वत की श्रेणियाँ कश्मीर से असम तक फैली हुई है। इन श्रेणियों में अमरनाथ, बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री आदि अनेक तीर्थस्थान हैं जिनके दर्शन के लिए देश के विभिन्न प्रदेशों के निवासी लालसित रहते हैं। इसी पर्वत श्रेणी में कश्मीर है, जो पृथ्वी का स्वर्ग कहलाता है।

**प्रश्न ५ निम्नलिखित मराठी या अंग्रेजी गद्यखंड का हिंदी में अनुवाद कीजिए।** २०

शालांत परीक्षेनंतर काय हा आजकालच्या युवकांसमोर प्रश्न असतो. त्यांना वेगवेगळ्या कामांतील प्रशिक्षण मिळवण्याची संधी असते, पण या स्वातंत्र्याचा लाभ ते घेत नाहीत. त्याऐवजी ते सर्वजण कला, विज्ञान व वाणिज्य महाविद्यालयांत प्रवेश घेतात. विज्ञान शाखेत गेलेल्या प्रत्येकाच्या मनात डॉक्टर किंवा इंजिनीअर बनण्याची इच्छा असते; तर कला शाखेत जाणारा प्रत्येक विद्यार्थी बँकेचा व्यवस्थापक किंवा वकील होण्याची आशा करतो.

अथवा

(पलटकर देखिए

अंक

The merchant had a young clerk working for him. The clerk was a very honest young man and looked after his master's goods and money carefully. His master was very much pleased with the good character of this young man. He gave him some money to buy some goods and set up a small store. The clerk always remembered his master with love and respect.

प्रश्न ६ निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही छह शब्दों के लिए हिंदी पर्यायी शब्द लिखिए। ६

अ) Account
ब) Agreement
क) Draft
ड) Cheque
इ) Capital
फ) Amount
ग) Validity
ह) Director
य) Secretary
र) Pension

अथवा

निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही <u>छह</u> शब्दों के लिए अंग्रेजी पर्यायी शब्द लिखिए।

अ) अध्यादेश
ब) अधिनियम
क) राज्यपाल
ड) सीमा शुल्क
इ) सत्र
फ) कटौती
ग) लाभांश
ह) राजपत्र
य) निवेश
र) जमा – खाता

-*-*-*-*-*-*-*-*-*-*-*-*-